स्टूडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक से बताए ई-वेस्ट के नुकसान

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल के एन्वॉयर्नमेंट और आईसीटी क्लब के बच्चों ने स्ट्रीट प्ले का आयोजन किया। 10 नम्बर मार्केट पर हुए इस नुक्कड़ नाटक में स्टूडेंट्स ने ई-वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में बताया कि कैसे देश में ई-वेस्ट लगातार बढ़ता जा रहा है। इसका सही डिस्पोजल और री-साइकिल न होने पर ई-वेस्ट पर्यावरण के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। प्ले में भोपाल के ऑथराइज्ड ई-वेस्ट रीसाइकलिंग सेंटर्स के बारे में भी बताया। गवर्नमेंट की मुहिम 'करो संभव' को अधिक से अधिक अपनाने और ई-वेस्ट से निजात पाने की अपील की।